प्रकाशनार्थ -

उज्जैन 21 अप्रैल | सिंहस्थ कुम्भ महापर्व 2016 के पावन अवसर पर जूनापीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित आचार्यमहामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज के पावन सानिध्य मे आहूत प्रभु प्रेमी संघ शिविर के दूसरे दिन आज प्रातःकाल से ही पूजन -अभिषेक आरम्भ हो गए | शिविर में आयोजित चारों वेदों की समस्त शाखाओं के क्रमपाठ, घनपाठ, जटापाठ तथा मंत्रात्मक - ऋचात्मक होम यज्ञादि का शुभारम्भ हो गया है, जिसमें प्रथमत: ऋग्वेद का आरम्भ हुआ है | यह वैदिक यज्ञ भारत के इतिहास में लम्बे कालखंड के बाद हो रहा है| जिसका उद्देश्य लोक कल्याण है |

सनातन धर्म के सर्वसमावेशी, सर्वग्राहय स्वरुप को विस्तार देने वाले उदारवादी संत जूनापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज के दर्शनार्थ आज जोधपुर नरेश महाराजा गजसिंह जी, पंजाब- हरियाणा के महामहिम राज्यपाल प्रो.कप्तान सिंह सोलंकी जी का पदार्पण शिविर में हुआ | उन्होंने पूजन-अभिषेक किये |

भारत के धर्म, साहित्य - कला - संस्कृति के पोषक पूज्य आचार्यश्री के शिविर में आज रात्रि 08:00 बजे भारत की धरोहर, संगीत मार्तंड, पद्मविभूषण पंडित जसराज जी द्वारा सांस्कृतिक मंच का शुभारम्भ किया जाएगा | उनके साथ उनके पुत्र रतनमोहन जी, पुत्री सुश्री दुर्गा जसराज जी भी अपनी प्रस्तुति देंगे |

धन्यवाद -

<u>निवेदक</u>

स्वामी नचिकेता गिरि

<u>कार्यालय सचिव</u> (कुम्भ शिविर प्रभारी)

सम्पर्क **+91 9917277022; 9991537200** सम्पर्क - **+91 7500068998**